विश्व पशु स्वास्थ दिवस

विश्व पशु स्वास्थ दिवस के तत्वधान में केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान संस्थान मथुरा द्वारा पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज दिनांक 26 अप्रैल 2023 को केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान के मुख्य द्वार पर किया गया। इस शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा मनीष कुमार चेटली, निदेशक सी आई आर जी,ने बकरियों में टीका लगाकर किया। उन्होने बकरी पालको को वैज्ञानिक विधि अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर मख़दूम और फरह गांवों से आए बकरी पालकों ने भाग लिया। स्वास्थ शिविर में गावों से आई बकरियों में टीकाकरण, परिजीवी नाशक दवाई एवं उनका उपचार किया गया। इस अवसर पर डा डी के शर्मा, अध्यक्ष बकरी स्वास्थ विभाग, डा अनुपम कृष्ण दीक्षित प्रभारी प्रसार शिक्षा एवं सामाजिक अर्थशास्त्र अनुभाग, डा नितिका शर्मा, डा के गुरुराज, डा विनय चतुर्वेदी, डा विजय किशोर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थिति रहे।